卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 13 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर;ऊधमसिंहनगर ♦रविवार ♦19 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया




# थार ने तीन पुलिसकर्मियों को रौंदा

## चालक गिरफ्तार, सभी घायलों को हायर सेंटर किया गया रेफर

देहरादून। रविवार तड़के देहरादून में एक बड़ा हादसा हो गया। शहर के आराघर टी-जंक्शन पर ड्यूटी में तैनात को सिनर्जी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। सुगनपाल, सचिन और कमला प्रसाद एक वाहन की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान थार वाहन ने तेज रफ्तार में आकर



तीन पुलिसकर्मी तेज रफ्तार थार वाहन की चपेट में आ गए। हादसे में तीनों सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी जानकारी के अनुसार रविवार तड़के करीब 3:45 बजे, आराघर टी-जंक्शन पर वाहन चेकिंग ड्यूटी पर तैनात सिपाही तीनों को टक्कर मार दी। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थार चालक मोहम्मद (शेष पृष्ठ सात पर)

# 20 अक्टूबर को ही मनेगी दिवाली

देहरादून(उद संवाददाता)। इस वर्ष दीपावली पर्व को मनाये जाने को देकर चल रहे असंजमस को पूरी तरह से समाप्त करते हुए सप्त ऋषि अखाड़ा के महामंडलेश्वर और प्रदेश के जागेश्वर धाम के पुरोहित श्री श्री 1008 कैलाशानन्द जी महाराज ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस वर्ष शुभ दीपावली का पर्व कल 20 अक्टूबर को ही मनाया जायेगा।उन्होंने कहा कि पंचांग और परम्परागत ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष 20 अक्टूबर को ही दीपावली पर्व मनाना शुभ है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व मनाने को लेकर सनातनी बंधुओं में संशय की स्थिति बनी हुई है। तिथि को लेकर लोगों में अलग अलग राय बनी हुई है। कई लोग 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाना शुभ बता रहे हैं तो कई लोग 21 अक्टूबर को। इस संशय को दूर करते हुए श्री श्री कैलाशान्द जी महाराज ने दूर करते हुए कहा कि 20 अक्टूबर की पूरी रात्रि अमावस्या पड़ रही है जबकि 21 अक्टूकर की पूरी रात्रि अमावस्या नहीं है। जिसे देखते हुए 20 अक्टूबर को ही दीपावली पर्व मनाया जाना शुभ होगा।



उनका कहना था कि इस सन्दर्भ में बद्रीनाथ धाम के पूर्व धर्माधिकारी भुवन चन्द्र उनियाल व प्रदेश के अन्य कई वरिष्ठ ज्योतिषाचार्यों से भी वार्ता कर 20 अक्टूबर को ही दीपावली पर्व मनाना शुभ माना गया। रूद्रपुर की श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर ने बताया कि यहां के पुरोहितों द्वारा 20 अक्टूबर को दीपावली मनाने का निर्णय लिया है। श्री बब्बर ने बताया कि हाल ही में जिले के प्रतिष्ठित ब्राम्हणों पुरोहितों द्वारा आपस में तर्क संगत विचार विमर्श के बाद 20 अक्टूबर को ही दीपावली मनाने का निर्णय लिया है। लिहाजा जिले में भी बीस अक्टूबर को ही दीपावली मनाई जायेगी।




# कार खरीद के नाम पर लाखों की ठगी

## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। कार खरीदने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी और फर्जीवाड़े के एक मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रकरण नगर के सिविल लाइन निवासी विनोद कुमार गक्खर की ओर से दर्ज कराया गया है, जिसमें रजनीश अरोरा, निवासी इंद्रा कॉलोनी, पर धोखाधड़ी, विश्वासघात और षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादी विनोद गक्खर ने 5 मार्च 2024 को रजनीश अरोरा से मारुति स्विफ्ट कार यूपी 22बीसी 2030 पाँच लाख पचास हजार रुपये में खरीदी थी। रजनीश ने बताया था कि कार पर तीन लाख रुपये का लोन चल रहा है और विनोद से उसे महिंद्रा फाइनेंस के खाते में यह राशि जमा कराने को कहा। शेष 2. 5 लाख रुपये नकद देने के बाद कार वादी को सौंप दी गई और एक महीने के भीतर एनओसी देने का आश्वासन दिया गया। पीड़ित के अनुसार, एक माह बीत जाने के बाद जब उसने एनओसी की मांग की तो आरोपी टालमटोल करने लगा। अंतत: 15 अक्टूबर 2024 को व्यापार मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में आदर्श कॉलोनी चौकी में पंचायत हुई, जहां रजनीश अरोरा ने सात दिन के भीतर एनओसी या रुपये वापस करने का स्टाम्प पेपर पर लिखित आश्वासन दिया। निर्धारित समयसीमा समाप्त होने के बावजूद न तो एनओसी सौंपी गई और न ही राशि लौटाई गई। पीड़ित विनोद गक्खर ने पहले मामले की शिकायत 26 अगस्त 2024 को थाना रुद्रपुर में दर्ज कराई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बाद में 26 सितंबर 2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा गया, जिस पर 12 फरवरी 2025 को जांच अधिकारी से रिपोर्ट तलब की गई। रिपोर्ट के अभाव में कोई कार्रवाई (शेष पृष्ठ सात पर)

# नानकमत्ता में बंदी छोड़ दिवस पर दीपावली मेला कल से

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में इस वर्ष भी दीपावली और बंदी छोड़ दिवस के पावन अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक मेले का भव्य आयोजन 20 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। हर साल की तरह इस बार भी लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इसी क्रम में एक उच्चस्तरीय बैठक गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें मेले के सफल संचालन और श्रद्धालुओं की सुविधा तथा सुरक्षा के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी रविंद्र जुवांठा ने समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और साफ-सफाई जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगेंद्र सिंह संधू ने प्रशासन को अवगत कराया कि श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए चार स्थान (शेष पृष्ठ सात पर)



# आज शाम स्वदेशी दिवाली मेले में पहुंचेगें सांसद अजय भट्ट

रूद्रपुर। नगर निगम द्वारा पहली बार गांधी पार्क में आयोजित स्वदेशी दीपावली मेला अब पूरे यौवन पर है। 14 अक्टूबर से शुरू हुआ यह मेला 21 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें हर दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और स्वदेशी उत्पादों की रौनक देखने को मिल रही है। आज मेला और भी खास हो जाएगा जब पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान सांसद अजय भट्ट बतौर मुख्य अतिथि (शेष पृष्ठ सात पर)



# कप्तान ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को बांटी मिठाई

रुद्रपुर। दीपावली जैसे बड़े त्योहार पर जब अधिकतर लोग अपने परिवारों के साथ त्योहार मना रहे होते हैं, वहीं पुलिसकर्मी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सड़कों पर तैनात रहते हैं। ऐसे में जनपद के एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने एक सराहनीय पहल करते हुए ड्यूटी प्वाइंटों पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ त्योहार की खुशियाँ साझा कीं। एसएसपी मणिकांत मिश्रा स्वयं मिठाई लेकर ड्यूटी स्थलों पर पहुँचे और सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद पुलिसकर्मियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। पुलिसकर्मियों ने अपने अधिकारी को अचानक सामने पाकर हैरानी और खुशी के मिश्रित भाव जताए। मिठाई बांटते हुए एसएसपी ने जवानों की सराहना की और कर्तव्यनिष्ठा के लिए उनकी हौसला अफजाई की। एसएसपी ने बताया कि दीपावली जैसे महत्वपूर्ण पर्व के दृष्टिगत जनपद में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि कोई भी अव्यवस्था उत्पन्न न हो और आमजन सुरक्षित महसूस करें। शहर के मुख्य बाजारों, चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिसकर्मी मुस्तैदी से तैनात रहे। हर आने-जाने वाले (शेष पृष्ठ सात पर)



# बदनीयती से बच्ची को बहला फुसलाकर ले जाने वाले युवक पर मुकदमा दज

रुद्रपुर। मासूम बच्ची को बदनीयती से बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मामला बीते दिनों किच्छा बाईपास रोड ढिल्लो फार्म का है। यहां एक मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर लाया युवक बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर रहा था तभी पास में मौजूद लोगों ने देख लिया लोग जब तक उसे पकड़ पाते तब तक वह बच्ची को छोड़कर फरार हो गया था। इस मामले में बच्ची की मां फुलसुंगा निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह रोज की तरह सुबह साढ़े छह बजे काम पर चली गयी। घर में उसकी पांच वर्षीय बेटी अपने दो भाईयों के साथ खेल रही थी। दोपहर को उसे सूचना मिली कि उसकी बेटी को कोई अज्ञात युवक खाने की चीज का लालच देकर आंचल डेयरी के पास ढिल्लो फार्म की ओर ले गया है। घटना को पड़ोस के ही रहने वाले जयदीप सिंह ने देखा, जिन्होंने बाद में इस बारे में परिवार को जानकारी दी। बच्ची के भाईयों को आरोपी ने डाँटकर भगा दिया था। माँ के काम से लौटने पर बच्ची ने डरी-सहमी हालत में पूरी बात बताई।पुलिस ने बच्ची की मां की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।


समस्त क्षेत्रवासियों को
प्रकाश व खुशियों के
महापर्व दीपावली की
बहुत-बहुत बधाई
व शुभकामनाएं
राजकुमार ठुकराल
पूर्व विधायक
रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र
संजय ठुकराल
समाजसेवी


अनमोल ग्रोवर
आयुषी ग्रोवर


समस्त
प्रदेशवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सीए शिव अरोरा
विधायक, रुद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों
को दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
राजकुमार सीकरी
तनिश सीकरी
जिला मंत्री, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल
न्यू आरएस साइकिल वर्क्स
श्री बालाजी मन्दिर रोड, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों
को दीपावली
की हार्दिक बधाई
Deepak Dawra


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई
गायत्री बल्ली-फन्टी स्टोर


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई
Chirag Taneja Satish Taneja
Mo-8449562000,8077188471 Mo-9837629274,8958663000
CHIRAG CRANE SERVICE
Spl. In- Loading,
Unloading &
Shifting of All Heaby
Consignment & Contractor
Add- Atariya road opposite power house sidcul dhal Rudrapur
E: mail :- chiragcraneservice@gmail.com


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की हार्दिक बधाई
श्री बालाजी कृपा
नारंग फर्नीचर मार्ट
बेहतरीन डिजाईन और मजबूती का वादा


समस्त क्षेत्रवासियों
को दीपावली
की हार्दिक बधाई
नरेश ग्रोवर
वरिष्ठ समाजसेवी, रुद्रपुर


समस्त
क्षेत्रवासियों
को दीपावली
एवं भईया दूज
की हार्दिक बधाई
अजय तिवारी
अध्यक्ष, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधमसिंहनगर
एवं पूर्व प्रत्याशी किच्छा विधानसभा क्षेत्र


प्रदेशवासियों को धनतेरस एवं
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
MITTAL
PRAGATI
TMT REBARS
जिसका नाम दुनिया जाने
MAKE IN INDIA
ISO
सरियों की दुनिया का
बाहुबली
MAA SHEETLA VENTURES LIMITED
Regd. Office. Maa sheetla Tower, Near Volkswagen Showroom
Rampur Road, Hakwani- 263139, Tel.:05944-285225
Works : Village Kishanpur, Near Panchakki Farm, Tehsil Kichha
Udham singh Nagar, 263148, Uttarakhand
Phone: 9927100665, 9927100601 II Fax: 05946-285226
Info@btcil.com I www.btcil.com

# संस्कृति, स्वदेशी और सशक्तिकरण का संगम बना दिवाली मेला

## गांधी पार्क में रंग-बिरंगी रौनक, स्वदेशी दीपावली मेले में उमड़े लोग, मेयर विकास शर्मा की हो रही सराहना

रुद्रपुर। शहर के गांधी पार्क में इन दिनों स्वदेशी दीपावली मेला पूरे उल्लास और उमंग के साथ सजधज कर शहरवासियों को संस्कृति, आत्मनिर्भरता और खरीददारी के उत्सव का अद्भुत अनुभव दे रहा है। 14 अक्टूबर से शुरू हुआ यह भव्य आयोजन 21 अक्टूबर तक चलेगा। मेला न केवल व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र बना है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं के रंग भी पूरे वैभव के साथ बिखरे जा रहे हैं। धनतेरस के अवसर पर मेले में खरीदारी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। हजारों की संख्या में लोग देसी सामानों की खरीदारी के लिए गांधी पार्क पहुंचे, जिससे मेले में सजी 400 से अधिक दुकानों पर खासा उत्साह नजर आया। मेले में पारंपरिक मिट्टी के दीयों, हस्तनिर्मित सजावटी सामान, हैंडीक्राफ्ट्स, कुमाऊंनी व पहाड़ी उत्पाद, हर्बल उत्पादों से लेकर स्वदेशी मिठाइयों तक की भरमार है। इससे छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स के चेहरों पर रौनक लौट आई है। नगर निगम रुद्रपुर द्वारा आयोजित इस मेले को लेकर नगर के महापौर विकास शर्मा की सराहना हर ओर हो रही है। लोगों का कहना है यह मेला न केवल एक उत्सव है, बल्कि 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे राष्ट्रीय अभियानों को धरातल पर उतारने का प्रयास है। महापौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्ट्रीट वेंडर योजना और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन को इस आयोजन की प्रेरणा बताया। गांधी पार्क के खुले आसमान तले सज रही महफिलें, हर शाम लोगों के लिए एक नई सांस्कृतिक सौगात लेकर आती हैं। उत्तराखंडी लोक नृत्य, देशभक्ति गीत, पारंपरिक लोकगीतों और आधुनिक डांस की प्रस्तुतियाँ दर्शकों को खूब लुभा रही हैं। स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों को भी मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर अवसर मिल रहा है, जिससे मेला एक सामाजिक और सांस्कृतिक समागम में परिवर्तित हो गया है। मेले के मंच पर पहुंचकर एडीएम पंकज उपाध्याय, किच्छा एसडीएम गौरव पांडे, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने आयोजन की सराहना की। इन अतिथियों ने मंच से अपने उद्बोधन में नगर निगम की पहल को लोकल उद्यमियों को बढ़ावा देने वाला और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने वाला आयोजन बताया। इस संपूर्ण आयोजन की परिकल्पना और नेतृत्व नगर निगम के महापौर विकास शर्मा द्वारा किया गया, उन्होंने कहा यह मेला केवल एक बाजार नहीं है, यह हमारी संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्ट्रीट वेंडर योजना और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में यह मेला छोटे व्यापारियों को सशक्त करने की दिशा में उठाया गया एक ठोस कदम है। इस बार मेले की तैयारी के लिए कम समय मिला था। अगले साल से इस मेले को और भी भव्य रूप दिया हायेगा। उन्होंने अपील की कि अधिक से अधिक लोग मेले में पहुंचकर स्वदेशी दीपावली की भावना को अपनाएं और 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश हर घर तक पहुंचाएं। शुरुआत में कुछ लोगों द्वारा इस आयोजन को लेकर शंकाएं जरूर उठाई गई थीं, लेकिन जैसे-जैसे मेले की सफलता और लोगों का उत्साह सामने आया, आलोचकों की आवाजें खुद-ब-खुद शांत हो गईं। आज यह मेला जनता के सहयोग और विश्वास के बल पर एक ऐतिहासिक उत्सव बन चुका है।









# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव की धूम

रूद्रपुर। दीपों के पर्व दीपावली के अवसर पर भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नाट्य झांकियों, लोक नृत्य और रंगोली के माध्यम से परंपरा, पर्यावरण और रचनात्मकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का प्रमुख संदेश था "दीप जलाएँ, पर प्रदूषण नहीं।" कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में माँ लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की आराधना और दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य महेश चंद्रा एवं शिक्षकों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भजन "मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे" ने वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। कक्षा नर्सरी के बच्चों ने "राम राज्य" पर आधारित मनोहारी झांकी प्रस्तुत की, जिसमें दक्ष पांडे, भव्य, हिताक्षी, अशनूर, सानवी, ध्रुव, शिवांश आदि ने भावपूर्ण अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा तीन व चार के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटिका "योग: कर्मसु कौशलम" ने जीवन में संतुलन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस प्रस्तुति में बच्चों ने दीपावली पर प्रदूषण रहित उत्सव मनाने का आह्वान किया। उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति में कक्षा तीन के सोनाली, तमन्ना, जानवी, नवनीत, नैंसी, सिद्धांत, आयांश और ऋषभ ने पारंपरिक परिधान में अपनी सादगी और भाव-भंगिमा से सभी दर्शकों का मन जीत लिया। वहीं, कक्षा सात की छात्राओं वैष्णवी, इशिका, छवि, मान्या, आराध्या, मानवी, कोमल, हर्षदीप, दिव्यांशी, आरती, शानवी और लक्षिका ने रंग-बिरंगे परिधानों में गुजरात के गरबा और फोक डांस से मंच को जीवंत कर दिया। कक्षा 8 से 10 के विद्यार्थियों ने पारंपरिक और सामाजिक संदेशों से सजी रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। 'ओम', 'दीप', 'लक्ष्मी चरण', 'स्वच्छता अभियान' और 'भारत माता' जैसे प्रतीकों से सजी रंगोलियों ने विद्यालय प्रांगण को सजीव कर दिया। विजयी छात्रों को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य महेश चंद्रा ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा दीप जलाना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। आइए हम सब मिलकर स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाएँ।





# कोश्यारी से मिले सीएम धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के डिफेन्स कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचकर उन्हें धनतेरस और दीपावली की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व सीएम एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के आवास पहुंचकर उन्हें धनतेरस और दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनायें दी।

# सड़क हादसे में पूर्व सीएम हरीश रावत की कार क्षतिग्रस्त, सुरक्षाकर्मी घायल

## एसएसपी मेरठ ने दी हादसे की जानकारी, हरदा सुरक्षित

देहरादून/मेरठ। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत शुक्रवार को देर रात्रि सड़क दुर्घटना



में बाल-बाल बच गए। घटना मेरठ-दिल्ली-देहरादून हाईवे पर कंकरखेड़ा के पास स्थित एमआईटी कॉलेज के समीप उस वक्त हुई जब वे दिल्ली से देहरादून लौट रहे थे। हादसे में उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि एक सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला जब मेरठ सीमा में दाखिल हुआ, तो उन्हें पुलिस एस्कॉर्ट प्रदान की गई थी। धनतेरस के कारण हाईवे पर भारी यातायात था। इसी दौरान एस्कॉर्ट वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे चल रही हरीश रावत की इनोवा कार समय पर ब्रेक नहीं लगा सकी और एस्कॉर्ट वाहन से जा टकराई। इस टक्कर



के कारण कार ने नियंत्रण खो दिया और कई अन्य वाहनों से टकराती हुई डिवाइडर से जा भिड़ी। टक्कर के बाद सुरक्षा दल ने तत्परता दिखाते हुए हरीश रावत को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला और दूसरे वाहन में बैठाकर देहरादून रवाना किया गया। हादसे के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए लिखा मैं पूरी तरह सुरक्षित हूँ, चिंता की कोई बात नहीं है। गाड़ी को जरूर नुकसान हुआ है, लेकिन मैं ठीक हूँ। इस हादसे में उनके एक सुरक्षाकर्मी राजवीर को गंभीर चोटें आई हैं। उसे निकटवर्ती निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मेरठ के एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने मीडिया को बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसपी ट्रैफिक तत्काल मौके पर पहुँचे। पूर्व मुख्यमंत्री को दूसरी गाड़ी में सुरक्षित एस्कॉर्ट के साथ आगे भेजा गया। उनकी क्षतिग्रस्त इनोवा को सर्विस सेंटर भेज दिया गया है। पूर्व सीएम हरीश रावत के वाहन दुघटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही उनके शुभचिंतकों ने सोशल मीडिया पर चिंता व्यक्त करते हुए सकुशल होने की कामना की है।


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
श्री अग्रवाल सभा (रजि.) रुद्रपुर
अर्जुन गुप्ता
अध्यक्ष
महामंत्री
रणवीर गुप्ता
कोषाध्यक्ष


SBS
BIKANER
ठाठ-बाट
RESTAURANT
Bikaner Sweets
Swad Rajasthan Ka...
Contact For Diwali Gifts & Bulk Order of Sweets


समस्त क्षेत्रवासियों
को दीपावली की
हार्दिक बधाई
केसर सिंह एण्ड संस
एवं
सुखमनी इन्फ्राबिल्ड
रूद्रपुर(उधमसिंहनगर)उत्तराखण्ड


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
वेद तुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रुद्रपुर


की हार्दिक शुभकामनायें
SALE
10%
से
50%
तक
भारी छूट
कोट पैन्ट,शेरवानी,इण्डो वेस्टन,कुर्ता पजामा,जोधपुरी कपड़ों का
शहर का एक मात्र शोरूम
दूल्हा घर
तुकराल गारमेन्ट्स
पंजाबी मार्केट,रुद्रपुर मो–9837058254


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाऐं
चन्द्रकेश यादव
तिरूपति कन्वेसिंग एजेन्ट
तिरूपति पैडी प्रोडक्ट्स
नगर पालिका मार्केट, दुकान नं058, रुद्रपुर मो० 9917304466


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व की
की हार्दिक बधाई
राजेश अरोरा 'पप्पल'
मनिक अरोरा
तिलक राज अरोरा
pvc wall & ceiling panels
EESHA TRADERS
SRA, E-2, Kashipur By Pass Road Opp. Police Chowk, Rudrapur


राजेश तिवारी
वरिष्ठ भाजपा नेता
अनीता तिवारी


हार्दिक शुभकामनायें
संजय राजपूत
सुनीता राजपूत
श्री बाला जी ट्रेडर्स एण्ड प्रोपर्टी, आवास विकास, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाऐं
खानचन्द एण्ड सन्स
गल्ला मण्डी रोड, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) मो. 9837242333


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाऐं
सिद्धेश्वर श्री बालाजी मन्दिर
मो. 9412981982


ईश्वर डेरी
ताजी स्पेशल फ्रिज की ठण्डी लस्सी, पनीर, शुद्ध
देसी घी, मक्खन क्रीम इत्यादि हर समय उपलब्ध


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली
पर्व की हार्दिक बधाई
सुरेश धींगरा 'बाबू'


की हार्दिक शुभकामनायें
KALRA
TRADERS
Deals in : All Kind of Scrap Materials
Opp. Uttaranchal Darpan Press
Shyam Talkies Road, Rudrapur
राकेश कालरा


नगरवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
अरोरा हैण्डलूम
प्रीतम अरोरा
गुरदीप अरोरा
मुख्य बाजार,रुद्रपुर(उधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं
Jwala Shoes Palace
All Kinds of Ladies, Gents & Kids Wear Etc.
adidas
Reebok
Krishan Narang


समस्त क्षेत्रवासियों को
की हार्दिक शुभकामनायें
ओम बापू
मशीनरी स्टोर
विशाल कुमार

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रियता से मिला पुरस्कार: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन व प्रेरणा से तथा जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियो की सक्रियता व मेहनत से हमे पीएम जनमन कार्यक्रम में जनपद उधमसिंह नगर टॉप-05 में रहने पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया जो हमारे प्रदेश व जनपद के लिए गौरव की बात है। जिला सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों ने पीएम जनमन कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किये जाने पर जिलाधिकारी को बधाई दी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज की बधाई व शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी ने बताया जनपद में पीएम जनमन योजना के अन्तर्गत 43 जनजाति गांव है। जिनमे 99 तोक शामिल है। जिनकी जनसंख्या 40881 है, जिसमे से 6886 परिवार विशेष रूप से कमजोर परिवार है। जिनमे से 824 परिवार आवासविहिन चिन्हित किये गये, इन सभी परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत



आवास स्वीकृत कर प्रथम फेज में 97 परिवारो को प्रथम किस्त जारी कर दी गयी है। जबकि गदरपुर के कुल्हा गांव में जनजाति बच्चों के लिए 100 बेड का छात्रावास बनाने हेतु भूमि आवंटित कर 2.75 करोड़ की धनराशि आवंटित कर छात्रावास निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसमे 123.75 लाख की धनराशि आवंटित की गयी है। इसी तरह गदरपुर के चुनपुरी में 01 आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माणाधीन व बाजपुर में 123.44 लाख से महोलीचौन, भीकमपुरी, सिंहाली व सेमलपुरी में 04 हुद्देशीय भवन निर्माणाधीन है तथा लघु सिंचाई द्वारा 179.38 लाख की धनराशि से बेतखेड़ी, विजयरमपुरा व बन्नाखेड़ा में गूल व नहरे बनाये गये है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विशेष रूप से कमजोर सभी 6886 परिवारों को पेयजल संयोजन दे दिया गया है। जनजाति क्षेत्रों में 05 वनधन केन्द्र संचालित किये गये है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष रूप से कमजोर गांव, समूहों में शतप्रतिशत टीकाकरण, 98 प्रतिशत संस्थागत प्रसव, शतप्रतिशत स्किल सेल एनिमिया व टीबी जांच की गयी है। इसके साथ ही 935 को प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना, 248 को उज्जवला योजना, 379 को पीएस किसान सम्मान निधि से लाभान्ति किया गया व 07 को विद्युत कनेक्शन, 8125 परिवारों के राशन कार्ड बनाये गये। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित समस्त कलेक्ट्रेट परिवार मौजूद थे।

# रूद्रपुर पहुंचने पर नेता प्रतिपक्ष का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के बरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य शनिवार को रुद्रपुर पहुंचे, महानगर रुद्रपुर की सीमा पर रेडिशन होटल के पास, श्री आर्य का जोरदार स्वागत हुआ, कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने श्री आर्य को फूल मालाओं से लाद दिया, और कांग्रेस पार्टी यशपाल आर्य जिंदावाद जिंदावाद के



नारे लगाए। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य,पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सी पी शर्मा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु, त्रिनाथ विश्वास,रजत बाम्बा,कांग्रेस के बरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, मुक्तेश्वर शाही, सतीश कुमार, दिनेश मौर्य, बाबू विश्वकर्मा, रविंद्र गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया एन.डी. तिवारी का जन्म शताब्दी वर्ष

किच्छा(उद संवाददाता)। स्वर्गीय पं. नारायण दत्त तिवारी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर स्थानीय अधिवक्ता आर.पी. शर्मा के निवास पर एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. गणेश उपाध्याय ने तिवारी जी के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें विकास का पर्याय बताया। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि स्व. तिवारी जी एक साधारण परिवार से निकलकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय पहुँचे, जहाँ उन्होंने राजनीति विज्ञान में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। भारत की आजादी के बाद वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रथम छात्र संघ अध्यक्ष बने और देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को छात्र संघ समारोह में आमंत्रित कर एक नया इतिहास रच दिया।इसके पश्चात वह सबसे कम उम्र के विधायक के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा में पहुंचे। उन्होंने तीन बार उत्तर प्रदेश तथा एक बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा की। तिवारी जी के मुख्यमंत्री रहते हुए जब उत्तराखंड बना, उस समय राज्य का बजट 8000 करोड़ रुपये था, जो उनके कार्यकाल के अंत तक बढ़कर 34,000 करोड़ रुपये हो गया। आज यह बजट 1 लाख करोड़ रुपये के पार है, जो उनके विकासोन्मुखी दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने सिडकुल की स्थापना कर रुद्रपुर, सितारगंज, हरिद्वार और देहरादून (सेलाकुई) में औद्योगिक विकास को गति दी, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिला। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, नारायण सिंह बिष्ट, डॉ. बी.डी. जोशी, विनोद कोरंगा, कविता तिवारी, ललित बिष्ट, शेखर कोरंगा, सोनू कार्की समेत सैकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की और अपने विचार साझा किए।

# विकास की राजनीति थी पं. तिवारी की सोच : डा.अनिल

## मंडी परिसर में प्रतिमा अनावरण और पार्क का किया उद्घाटन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विकास पुरुष स्व. नारायण दत्त तिवारी जी की जयंती एवं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को मंडी परिसर हल्द्वानी में उनकी प्रतिमा का अनावरण एवं स्व. नारायण दत्त तिवारी पार्क का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू ने किया। इस अवसर पर डा. कपूर ने कहा कि स्व. तिवारी जी सच्चे जननायक थे। जिन्होंने उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश दोनों ही राज्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि तिवारी जी को "विकास पुरुष" के रूप में इसलिए जाना जाता है क्योंकि उन्होंने शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी। डा. अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि मंडी परिषद किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और



भविष्य में किसानों की सुविधा हेतु सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्व. तिवारी जी की सोच थी कि विकास की राजनीति ही सच्ची राजनीति है, और आज समाज को दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर उसी भावना से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा। सभी ने विकास पुरुष स्व. नारायण दत्त तिवारी जी को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, दिनेश आर्या, मेयर गजराज बिष्ट, हुकुम सिंह कुंवर, मोहन गिरी गोस्वामी, दीपक बल्यूटिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दीपों का त्यौहार खुशहाली और समृद्धि प्रतीक: सुखीजा

गदरपुर। प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने दीपावली के पावन अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि दीपों का यह त्योहार खुशहाली,



समृद्धि और एकता का प्रतीक है। इसी भावना के साथ उन्होंने सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए गुंजन सुखीजा ने भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर चलते हुए देश और प्रदेश में तीव्र गति से विकास कार्य कर रही है। केंद्र से लेकर प्रदेश तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है।इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है और आने वाले समय में उत्तराखंड देश का आदर्श राज्य बनेगा। उन्होने सभी से सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने की अपील की।

# महापौर ने स्व. पंडित नारायण दत्त तिवारी को किया नमन

रूद्रपुर। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. पंडित नारायण दत्त तिवारी की जयंती एवं पुण्यतिथि के अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने सिडकुल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि पंडित नारायण दत्त तिवारी का उत्तराखंड के औद्योगिक और आर्थिक विकास में ऐतिहासिक योगदान रहा है। मुख्यमंत्री के तौर पर तिवारी जी की दूरदर्शिता और विकासपरक सोच के परिणामस्वरूप सिडकुल की स्थापना हुई, जिसने आज हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। महापौर ने कहा कि पंडित तिवारी ने विकास कार्यों को कभी राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा, बल्कि उन्होंने विपक्षी दलों को साथ लेकर राज्य की उन्नति के लिए काम किया।विकास



शर्मा ने तिवारी जी के कार्यकाल की एक स्मृति साझा करते हुए बताया कि सिडकुल स्थापना के बाद युवाओं को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से तत्कालीन भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में स्थानीय युवाओं के साथ मिलकर आंदोलन किया गया था। इस आंदोलन के फलस्वरूप तिवारी जी ने 70 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार देने संबंधी शासनादेश जारी किया था। यह तिवारी जी की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।कार्यक्रम के दौरान श्री नारायण दत्त तिवारी जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष हरीश पनेरू और महासचिव पीसी शर्मा ने भी तिवारी जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि एक जननायक भी थे, जिन्होंने हमेशा आमजन के हित में निर्णय लिए। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर एसडीएम मनीष बिष्ट, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, सीपी शर्मा, मीना शर्मा, एसके नैयर, अनिल शर्मा, सतीश कुमार, विजय तोमर, रजत बिष्ट, संदीप चीमा, ममता रानी, योगेश चौहान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पंडित नारायण दत्त तिवारी को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके विकास कार्यों को याद किया।

# खरीददारी करने उमड़े ग्राहक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शनिवार को धनतेरस के मौके पर बाजार में लोगों ने जहां करोड़ों रूपयों की खरीददारी की तो वहीं आज भी लोग सामान खरीदने के लिए बाजार में उमड़े। मुख्य बाजार के साथ ही गांधी पार्क में आयोजित स्वदेशी हस्तनिर्मित वस्तुओं के लगाये गये दीपावली मेले में भारी संख्या में लोग दीपावली से सम्बंधित सामान की खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। यहां स्टॉल लगाने वाले दुकानदारों ने बताया कि मेले में सुबह के समय लोगों की भीड़ कुछ कम होती है लेकिन ज्यों ज्यों समय व्यतीत होता



जाता है लोगों की भीड़ बढ़ती जाती है। शाम को मेला स्थल लोगों की भीड़ से पूरी तरह से भर जाता है। इधर ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में भी आज लोगों ने खूब सामान खरीदा। इस क्षेत्र में अधिकांश लोग सिडकुल की विभिन्न कम्पनियों में काम करते हैं जो दीपावली के पर्व पर अपने मूल आवास जाने की तैयारियां कर रहे हैं और घर परिवार के लिए सामान खरीद रहे हैं। यहां मुख्य बाजार में सवेरे से देर शाम तक लोगों की खासी भीड़ लगी हुई है। बाजारों में लोगों को यातायात को लेकर कोई परेशानी न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थायें की गई हैं। दीपावली पर्व पर नगर व आसपास के मंदिरों को भी रंगबिरंगी रोशनी व फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है।

# गुरूद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज में बंदी छोड़ समागम 20 और 21 अक्टूबर को

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर नवाबगंज उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश में 20 और 21 अक्टूबर को बंदी छोड़ दिवस मनाने के लिए भारी गुरमत समागम और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर नवाबगंज के प्रमुख सेवादार वीर अनूप सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस



वर्ष भी श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के बंदी छोड़ दिवस मनाने के लिए संगत द्वारा प्रयास करते हुए भारी गुरमत समागमों का आयोजन किया जा रहा है। 20 और 21 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से सायं काल 3 बजे तक भारी दीवान सजाए जाएंगे। वही 20 अक्टूबर को रात्रि 7 बजे से 10 तक विशेष कवि दरबार का आयोजन होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में ढाढी जत्था बीबी दलेर कौर पंजाब, कथा वाचक भाई हरप्रीत सिंह मक्खू, हजूरी रागी जत्था भाई हरजीत सिंह, ग्रंथी भाई जसवीर सिंह के अलावा अन्य वक्ताओं द्वारा सहभागिता की जाएगी। उन्होंने सभी क्षेत्रीय संगत से बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। गुरु का लंगर अटूट बांटा जाएगा। उन्होने बताया कि अन्य कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। मीरी पीरी खालसा एकेडमी द्वारा भी कार्यक्रम में सहभागिता की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने एनडी तिवारी को किया नमन

रुद्रपुर । उत्तरप्रदेश और उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री विकास पुरुष, पंडित नारायण दत्त तिवारी, के जन्मदिन और पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस जनों ने सिडकुल चौक पर पहुंचकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया, और उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की, और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया, इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, निगम पार्षद चिराग कालरा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पंत,राहुल गाँधी विग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष फरीद अहमद मंसूरी, सतीश कुमार, अमन जौहरी, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।




समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
पुनीत अग्रवाल
प्रबन्ध निदेशक
MARUTI SUZUKI
Way of Life!
Akanksha
AUTOMOBILES (R) PVT. LTD
Kichha Bypass Road, Rudrapur (U.S.Nagar)


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
एवं कुमाऊं मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा, उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन, लालपुर



समस्त क्षेत्रवासियों
दीपों के पर्व
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
सजल अग्रवाल
संजय अग्रवाल
डायरेक्टर
सावित्री देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री सांई कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
जीवन राय
एडवोकेट
वरिष्ठ समाजसेवी, रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)


समस्त
क्षेत्रवासियों
को दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पूरन चन्द
गौरव अरोरा
PURAN CHAND & SONS
Opp. Navodaya Vidhalaya, Kashipur Road, Rudrapur Mob.: 9412088578
E-mail: puranchandandsons@gmail.com


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की हार्दिक बधाई
Ravinder Kumar
RAVI
ENTERPRISES
Auth. Govt. Supplier
Deals In: All Kinds of
feed Supplements
Vaccine &
Velerinary Medicine
Adarsh Colony Near Mata Mandir,
Rudrapur Mob.: 9837048753


Dr. Ruby Vikas Arora
Arora Pathology Lab, Rudrapur


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Diwali
आशीष अरोरा (बण्टी)


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
Hotel
Krishna
Kashipur By-Pass Road, Rudrapur (U.S.Nagar)
Mob.: 8006764773, 9012787460


समस्त क्षेत्रवासियों को तनेजा परिवार की
ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
तनेजा पेन्ट हाउस
तनेजा पेन्ट इण्डस्ट्रीज
होटल वृन्दावन
विकास तनेजा मो-9837069910, सचिन तनेजा मो-9927359159


समस्त क्षेत्रवासियों
दीपों के पर्व दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
FANCY SWEET BOXES
FANCY BAKERY BOXES
FANCY DRY FRUIT BOXE
संजय बाक्स इण्डस्ट्रीज
देवी मंदिर गली, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर


Sethia Sons
Deals In : All Kind Of Decorative & Industrial Paints
Specialist In : Powder Coating
Bhagat Singh Chowk, Rudrapur
Distt.: U.S. Nagar 263153 (uttrakhand)


स्वदेशी
दीपावली मेला
नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)
दिनांक-14 अक्टूबर 2025 से 21 अक्टूबर 2025 तक
स्थान- गाँधी पार्क, रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)
श्री पुष्कर सिंह धामी जी
मा. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
श्री विकास शर्मा जी
मा. महापौर, नगर निगम रूद्रपुर
समस्त क्षेत्रवासियों से अपील है कि गांधी पार्क में आयोजित
स्वदेशी दिवाली मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खरीददारी करें
और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर लघु व्यापारियों का उत्साह बढ़ायें


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाऐं
राजेश शुक्ला
पूर्व विधायक, किच्छा विधानसभा


श्री चिड़ियाखेड़ा धाम की ओर से समस्त बाबा भक्तों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई
महन्त
श्रीमती पानश्री पाठक
संरक्षक/व्यवस्थापक
पं. रघुवीर प्रसाद पाठक


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाऐं
तिलक राज बेहड़
विधायक, किच्छा विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
अनिल अग्रवाल
वरिष्ठ भाजपा नेता, किच्छा
पारस अग्रवाल
युवा भाजपा नेता, किच्छा


ठा. संजीव सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता, किच्छा


गणेश उपाध्याय
पूर्व दर्जा राज्य मंत्री,
उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी,
प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस कमेटी, उत्तराखण्ड


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाऐं
विमोर बठला
एमडी- स्टार सेल्स कॉर्पोरेशन
आदर्श कालोनी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली
पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
पंकज बांगा
बांगा क्रेन सर्विस, रुद्रपुर


अध्यक्ष
महामंत्री


BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाऐं
मोहन लाल खेड़ा
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
पंकज गांधी
सुमित बठला
श्री राम ऑटो डील एवं प्रॉपर्टीज
उत्तरांचल दर्पण ऑफिस के सामने, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर


दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
हंसराज कक्कड़
हंसराज डेरी
देशी घी, पनीर, क्रीम, मावा,
दूध आदि के प्रमुख विक्रेता
पंजाबी मार्केट, रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाऐं
Virendra
Gupta
MANGLAM
BARGER
Speciallist In- Momos, Burger,
Pizza & Special Patties
Malik Coliny Main road Rudrapur Mo-9997376545,8445345387


Varun Dhingra
9520302000
Dhingra
BRAND COLLECTION
NIKE
ZARA Man
LOUIS PHILIPPE
JOCKEY
Levi's
adidas
GUCCI
LACOSTE
Sun City Plaza, Civil Line Road, Rudrapur (U.S.Nagar)


दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
अमन ट्रेडर्स
सुविधा होटल वाली गली, रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)


श्री पुष्कर सिंह धामी
मा.मुख्यमंत्री
उत्तराखण्ड
श्री अजय भट्ट
मा.सांसद,नैनीताल
एवं पूर्व रक्षा राज्य मंत्री
श्री सुबोध उनियाल
मा.वन,भाषा,निर्वाचन एवं
तकनीकि शिक्षा मंत्री उत्तराखण्ड
समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली,गोवर्धन पूजा,भैयादूज,
छठ पूजा एवं गुरूपर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं
विशाल मेहरा
युवा समाजसेवी
विकास शर्मा
महापौर
नगर निगम,रूद्रपुर(उधमसिंहनगर)
डॉ.के.सी.चन्दोला
अध्यक्ष
उत्तराखण्ड आयुष मेडिकल कॉलेज एसोसिएशन
Vasundhara Nursing & Paramedical College
Chandola Homoeopathic Medical College & Hospital
ADMISSIONS OPEN 2025-26
Courses offered
B.Sc. (NURSING), B.O.T.T.
B.M.L.T. ,B.M.R.I.T. , B.P.T.
B.H.M.S.
Add : Kichha Road Rudrapur (U.S. Nagar) Uttarakhand
Contact - 9012795799, 8279844855, 9634545986, 9536114468, 9897107000

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# डोनाल्ड ट्रंप का नया राग

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर कुछ दिन बाद ऐसे दावे करते दिखते हैं, जो पहली नजर में बड़े महत्त्व के लगते हैं। मगर थोड़ा वक्त गुजरते ही उनके दावों को लेकर जिस तरह के तथ्य सामने आते हैं, उससे उनकी बातों की विश्वसनीयता पर संदेह खड़े हो जाते हैं। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने जब पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर हमले किए, तो उस संघर्ष को रोकने को लेकर हाल में ट्रंप ने जिस तरह के दावे किए और भारत ने उसे निराधार बताया, उससे उनकी स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस बीच शुल्क लगाने की नीति के जरिए व्यापार युद्ध की स्थिति खड़ी करने के क्रम में अमेरिका ने रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा कर भारत पर दबाव बनाने की विचित्र कोशिश की। जब भारत ने इस संबंध में नीतिगत फैसला लेने के अपने अधिकार के तहत रूस से तेल आयात करना जारी रखा, तो अब ट्रंप ने अलग स्तर का दावा करके भारत को असहज करने का प्रयास किया है। दरअसल, अमेरिका की ओर से जुर्माना लगाने की घोषणा के बावजूद भारत ने रूस से कच्चे तेल के आयात के संबंध में अपने हितों के अनुकूल फैसले पर अमल जारी रखा है। इसी के मद्देनजर अब ट्रंप ने एक नया राग छेड़ा है, जिसके जरिए शायद वे भारत को कमजोर साबित करने की इच्छा रखते हैं। ट्रंप ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। हालांकि ट्रंप के इस दावे के बाद भारत की ओर से स्पष्ट किया गया कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। सवाल है कि इतने गंभीर मसले पर अगर ट्रंप बेहिचक एक निराधार दावा कर रहे हैं, तो इसकी क्या वजह है। जबकि भारत ट्रंप की बातों को सिरे से खारिज कर रहा है। ऐसा लगता है कि रूस से तेल खरीद को लेकर भारत के बारे में ट्रंप ने जो कहा है, उसका मकसद भी सिर्फ भारत पर दबाव बनाना और रूस को उकसाना भर है। मगर इस तरह की खोखले बातों के जरिए ट्रंप क्या हासिल कर लेंगे? ट्रंप के दावों की हकीकत का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि अक्सर वे अलग-अलग देशों के बीच युद्ध रुकवा देने का श्रेय लेते हैं और इस नाते उन्होंने नोबेल शांति सम्मान पाने की भी इच्छा जताई। जबकि पाकिस्तान के साथ हुए टकराव में भारत यह साफ कर चुका है कि संघर्ष-विराम में ट्रंप की कोई भूमिका नहीं थी। विडंबना यह है कि ट्रंप दुनिया भर में एक महाशक्ति माने जाने वाले देश के राष्ट्रपति हैं, लेकिन अक्सर किए जाने वाले उनके दावों और उसके बरक्स हकीकत की वजह से उनके व्यक्तित्व की गंभीरता सवालों के घेरे में आ रही है। अमेरिका का आर्थिक हित सुनिश्चित करना उनका दायित्व है, लेकिन इस क्रम में अन्य देशों की नीतियों को वे जिस तरह प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, उसे उचित नहीं कहा जा सकता।

# नवनियुक्त सहायक समीक्षा अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास स्थित कैंप कार्यालय में राजस्व परिषद में नव-चयनित सहायक समीक्षा अधिकारी एवं समीक्षा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली से पूर्व यह नियुक्ति पत्र प्राप्त होना नवनियुक्त कार्मिको और उनके परिवारजनों के लिए विशेष प्रसन्नता का अवसर है। मुख्यमंत्री ने उनके परिवारजनों को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते चार वर्ष में राज्य में 26,500 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि राज्य में पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर भर्ती प्रक्रिया को अभियान के रूप में निरंतर आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ समय पूर्व हरिद्वार में हुई परीक्षा से संबंधित एक प्रकरण सामने आया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया और एसआईटी जांच गठित की गई। इसके पश्चात छात्रों की भावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्वयं छात्रों से मुलाकात की और उनकी मांगों के अनुरूप परीक्षा को निरस्त करते हुए सीबीआई जांच की संस्तुति की। उन्होंने कहा कि राज्य में बीते वर्षों के दौरान सभी प्रतियोगी परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आयोजित की गई हैं। भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद से ही उन्होंने रिक्त पदों को पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भरने का अभियान शुरू किया, जिसके फलस्वरूप आज हजारों युवाओं को सरकारी सेवा में अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार आगे भी पूर्ण पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया को अभियान के रूप में जारी रखेगी।





मुख्यमंत्री श्री धामी ने नवनियुक्त कार्मिकों से कहा कि सरकारी सेवा को जनसेवा का माध्यम मानकर कार्य करें। उन्हें अपने कार्य में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में सरलीकरण और गति लाना आवश्यक है, ताकि जनता को शीघ्र और सरल सेवाएं प्राप्त हों। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, सचिव एस.एन. पांडे, अपर सचिव श्रीमती रंजना राजगुरु, राजस्व परिषद के अधिकारीगण तथा नव-नियुक्त सहायक समीक्षा अधिकारी एवं समीक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने दी दीपावली पर्व की शुभकामनाएं



देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने दीपों के पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि दीपावली का यह पावन पर्व अंधकार से प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है। उन्होंने कामना की है कि दीपों की यह पावन ज्योति सभी के जीवन को ज्ञान, आनंद और समृद्धि से आलोकित करे। गोवर्धन पूजा के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण की करुणा, पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हम प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को समझें और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और आत्मीयता के पर्व भैया दूज के अवसर पर राज्यपाल ने बधाई देते हुए कहा कि ऐसे त्योहार हमारे सामाजिक संबंधों को मजबूत बनाते हैं और एकता व प्रेम का संदेश देते हैं। राज्यपाल ने सभी प्रदेशवासियों के सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की मंगल कामना करते हुए कहा कि इन त्योहारों की उज्ज्वलता सबके जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करे।






# सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट में दीपावली मेले की धूम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली महोत्सव धूमधाम, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित किया गया। दीपावली मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, ब्लॉक प्रमुख (गदरपुर) ज्योति ग्रोवर, दिनेशपुर पंचायत अध्यक्ष मंजीत कौर एवं उनके पति कावल सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथियों ने छात्रों की प्रतिभा, नवाचार एवं टीम भावना की सराहना करते हुए संस्थान की निरंतर प्रगति एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। पूरा परिसर रंगीन झालरों, दीपों और पुष्पों से सजाया गया था, जिससे उत्सव का वातावरण और भी आकर्षक बन गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, कला और नवाचार का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेले में लगे फूड स्टॉल, गेम्स, हार्टफुलनेस, सेल्फी पॉइंट और रंग-बिरंगी रंगोलियों के स्टॉल्स ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए वर्किंग मॉडल, प्रोजेक्ट और पोस्टर प्रदर्शनी ने शैक्षणिक नवाचार की झलक पेश की। मेले का मुख्य आकर्षण विशेष लकी ड्रॉ प्रतियोगिता रही, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा क्षेत्र रुद्रपुर, गदरपुर और दिनेशपुर से लगभग 16 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में 45 कंसोलेशन प्राइज और 5 मुख्य लकी कूपन विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए। उधम सिंह नगर स्तर पर स्कूलों में भी लकी ड्रॉ कूपन बांटे गए, जिनमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और 10 कंसोलेशन प्राइज प्रदान किए गए। शिक्षकों के लिए भी विशेष लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसने कार्यक्रम में और उत्साह बढ़ाया। पूरे आयोजन का कुशल संचालन साहिल छाबड़ा, अनुभव बाठला, रजत धवन, शिवम शर्मा एवं समस्त शिक्षकगण द्वारा किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन राजेश डावर, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजमेंट मेंबर्स वंश डावर, रितु डाबर, संगीता ग्रोवर, पंकिला डाबर, शौर्य अरोरा, प्रेरणा, सुजल, राजीव, सार्थक, संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य फार्मेसी डॉ. प्रकाश पंत, प्रधानाचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग विवेक त्रिवेदी, उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाठला सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। सभी ने छात्रों की मेहनत और रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा की तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। सभी अतिथियों और उपस्थितजन ने यह संदेश साझा किया कि दीपावली का असली अर्थ प्रकाश, आनंद और सद्भाव फैलाना है। साथ ही, सभी ने पर्यावरण-संरक्षण और सुरक्षित दीपावली मनाने का संकल्प लिया। पूरा कार्यक्रम बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के बीच आयोजित हुआ, जिन्होंने संगीत, स्वाद, कला और सौहार्द से भरे इस उत्सव का भरपूर आनंद लिया। सिक्स सिग्मा परिवार द्वारा आयोजित यह दीपोत्सव क्षेत्र में सांस्कृतिक एकता, रचनात्मक प्रतिभा और सामाजिक समर्पण का एक शानदार उदाहरण बन गया।







# फ्रांसीसी छात्रों का इंस्पिरेशन स्कूल में पारंपरिक अंदाज में हुआ स्वागत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।संस्कृति और शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय आदानख्र प्रदान को प्रोत्साहित करते हुए इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल, काठगोदाम में फ्रांस से आए छात्रों और शिक्षकों का पारंपरिक तरीके से जोरदार स्वागत किया गया। फ्रांस के लियोन शहर स्थित संस्था 'ला फ्रेहिंदी' के तत्वावधान में भारत पहुंचे 30 विद्यार्थियों और दो शिक्षकोंख्रमैडम कैथरीन और मोनसियर रोमनख्रके दल ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देखा और भारतीय मेहमाननवाजी की मिसाल का अनुभव किया।इंस्पिरेशन स्कूल पहुँचने पर चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बल्यूटिया, प्रबंधक डॉ. दीपक बल्यूटिया, प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर और उपप्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा ने पुष्पगुच्छ और तिलक लगाकर अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। छात्रों ने स्कूल की विशेषताओं और उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गीत और नृत्य शामिल रहे।फ्रांसीसी दल ने भी अपने देश की विविधता, परंपराओं और शिक्षा प्रणाली से जुड़ी जानकारियाँ साझा कीं। दोनों देशों के विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, वाद्ययंत्र आदि क्षेत्रों में अपनी रुचियों के माध्यम से सांस्कृतिक साझेदारी को जीवंत किया।फ्रांसीसी छात्रों को हल्द्वानी के स्थानीय बाजारों और हस्तशिल्प उत्पादों से परिचित कराया गया, जहाँ उन्होंने भारतीय शिल्पकला और पारंपरागत वस्तुओं में गहरी रुचि दिखाई। स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी उनके लिए एक नया और रोचक अनुभव रहा।मिलनसारिता बढ़ाने के लिए इंस्पिरेशन स्कूल और फ्रांस के छात्रों के बीच बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और शतरंज जैसी मित्रवत खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इन आयोजनों ने भाषा की बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए सौहार्द्र और आपसी समझ का संदेश दिया। कार्यक्रम 'ला फ्रेहिंदी' संस्था की देखरेख में संपन्न हुआ, जो भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक सेतु का कार्य कर रही है। संस्था से मिस तनुजा, मिस्टर हारून मेहता और मिस शिल्पा जैन भी उपस्थित रहीं, जिनका विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने सभी आगंतुकों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए कहा ऐसे आयोजन न केवल शैक्षिक अनुभव को समृद्ध करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों को वैश्विक नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन भी करते हैं। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष नेगी, यशस्वी भंडारी, हसन सुहैल और अभिनव जोशी ने किया, जबकि संपूर्ण आयोजन की देखरेख श्रीमती मधुमिता दास द्वारा की गई।






पिछले 52 वर्षों से अधिकतम छूट के साथ आपकी सेवा में तत्पर
गोल्डन एजेंसी
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रुद्रपुर
किशोर अरोरा


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरु माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
HOME APPLIANCES पर पाए ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555,
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, 9719077772,
GADARPUR - 9927850999, KICHHA - 7017575920, ALMORA - 7895887544,
LALKUAN - 8923493000, PITHORAGHRH - 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.


V.K ELECTRONICS
Old Allahabad Bank Gali, Rudrapur,Udham Singh Nagar,Mo-8439660003
BIGGEST
DIWALI
SALE
नये जैसे पुराने मोबाईल पायें बहुत ही कम दाम पर
नये जैसे मोबाईलों पर
20% से 50%
तक की भारी छूट
Follow us on Instagram
SCAN ME
SCAN WITH YOUR PHONE TO FOLLOW ON INSTAGRAM
S25 ULTRA
Galaxy Z Flip7
IPHONE 17PRO MAX
BAJAJ FINSERV
EASY EMI
0 DOWN PAYMENT
*Terms & Condition Apply